रूठ कर मुझसे प्रभु यूँ चले जाओगे तुम भजन लिरिक्स

रूठ कर मुझसे प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम,
ये ना सोचा था कभी,
इतना आज़माओगे तुम,
रूठ कर मुझसें प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम।bd।

आदत तो तुम्हारी,
है दया की ओ दयालु,
तेरी नाराज़ी को,
बोलो कैसे मैं सँभालु,
अपनों बच्चों की खता,
दिल से यूँ लगाओगे तुम,
ये ना सोचा था कभी,
इतना आज़माओगे तुम,
रूठ कर मुझसें प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम।bd।

मैंने यही देखा,
मैं तो सुनता यही आया,
अपने प्रेमियों के,
आंसू तू ना देख पाया,
जिनको हंसाया सदा,
उनको रुलाओगे तुम,
ये ना सोचा था कभी,
इतना आज़माओगे तुम,
रूठ कर मुझसें प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम।bd।

तेरे सिवा 'सोनू',
किसी और दर ना जाये,
तू ये जानता है,
इसीलिए यूँ सताये,
देख कर बेबस मुझे,
ऐसे मुस्काओगे तुम,
ये ना सोचा था कभी,
इतना आज़माओगे तुम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रूठ कर मुझसें प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम।bd।

रूठ कर मुझसे प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम,
ये ना सोचा था कभी,
इतना आज़माओगे तुम,
रूठ कर मुझसें प्रभु,
यूँ चले जाओगे तुम।bd।

Singer – Sheetal Pandey Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com